संक्षिप्त समाचार

केजरीवाल ने बताया, उन्हें भाजपा नेताओं पर आती है हंसी

नई दिल्ली , 28 मार्च (ए)। दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में हालिया रिलीज हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री करने की मांग के बीच कश्मीरी पंडितों को लेकर पहले दिए गए अपने बयान पर अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी को घेरा है। एक निजी टेलीविजन चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम उनके दर्द पर कभी नहीं हंसते, हमें इस बात पर हंसी आती है कि भाजपा वाले आठ साल शासन करने के बाद फिल्म द कश्मीर फाइल्स के पोस्टर लगा रहे हैं। कश्मीरी पंडितों का मुद्दा बहुत संवेदनशील है, हम पर केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं, इस पर राजनीति बंद होनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के लिए फिल्म महत्वपूर्ण हो सकती है, उनके लिए कश्मीरी पंडित और उनका दर्द महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी का द कश्मीर फाइल्स को कर मुक्त करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू जारी है। भाजपा के कई नेता दिल्ली सरकार से इस फिल्म को कर मुक्त करने की लगातार मांग कर रहे हैं। इसे लेकर पिछले दिनों भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद को पत्र भी लिखा, लेकिन इसका जवाब नहीं आया। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा में अरविंद केजरीवाल ने यहां कि यह फिल्म यूट्यूब पर डाल देनी चाहिए, जिससे सब लोग देख सकें। वहीं, भाजपा ने दिल्ली सरकार पर तुष्टिकरण की वजह से फिल्म को कर मुक्त नहीं करने का आरोप लगाते हुए पिछले सप्ताह जंतर-मंतर पर प्रदर्शन भी किया। इसके बाद विधानसभा के बजट सत्र में भी यह मुद्दा उठाया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का कहना है कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार दिल्लीवासियों को बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाएं मुफ्त देने का दावा करती है। शराब पर छूट दी जाती है, कश्मीर में हिंदुओं के साथ हुए नरसंहार की सच्चाई दिखाने वाली फिल्म को कर मुक्त नहीं किया जा रहा है। इसके पीछे आप की तुष्टिकरण की राजनीति है। धर्म विशेष के लोगों को खुश कर उनका समर्थन लेने के लिए यह किया जा रहा है।

पीएम मोदी पहली अप्रैल को करेंगे छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा, ट्वीट कर कही यह बात

नई दिल्ली , 28 मार्च (ए)। दसवीं और बारहवीं की परीक्षा समेत अहम परीक्षाओं से पहले पीएम मोदी एक बार फिर से छात्रों को एक?जाम के दौरान होने वाले तनाव को दूर करने का मंत्र देते दिखेंगे। छात्रों के साथ यह चर्चा अब एक अप्रैल को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में होगी। इसमें छात्रों के साथ शिक्षक और अभिभावक भी शामिल होंगे। कोरोना की स्थिति में सुधार के बाद शिक्षा मंत्रालय ने इस चर्चा को पहले की तरह आयोजित करने का एलान किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि आइए परीक्षाओं का त्योहार मनाएं। आइए बात करते हैं तनाव मुक्त परीक्षाओं की। एक अप्रैल को परीक्षा पे चर्चा में मिलते हैं। शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को पीएम मोदी की छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा की तारीख घोषित की, जिसमें छात्र पहले की तरह पीएम के साथ बैठकर परीक्षा और पढ़ाई से जुड़े विषयों पर सीधे सवाल पूछ सकेंगे। पीएम मोदी की छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा करने की यह शुरुआत 2018 में हुई थी। तब से हर साल इसका आयोजन होता आ रहा है। इस चर्चा के लिए रजिस्ट्रेशन का काम दिसंबर से शुरू हो गया था। मंत्रालय के मुताबिक चर्चा में शामिल होने के लिए करीब 12 लाख छात्रों व तीन लाख शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इन छात्रों में से उन छात्रों का भी चयन होगा, जो पीएम मोदी से परीक्षा व पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछेंगे। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक चर्चा के लिए यह समय इसलिए तय किया गया है, क्योंकि परीक्षा की तारीखें निकट आने से छात्रों पर पढ़ाई को लेकर दबाव है। साथ ही परीक्षा देने वाले सभी छात्रों के घरों में इस समय पढ़ाई को लेकर तनावपूर्ण माहौल बन जाता है। ऐसे समय में पीएम की यह टिप्स काफी अहम होगी।

भाजपा 1 साल तक क्यों टालना चाहती है दिल्ली नगर निगम चुनाव, अरविंद केजरीवाल ने किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली , 28 मार्च (ए)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार एक न्यूज चैनल पर साक्षात्कार में कहा कि भाजपा दिल्ली नगर निगम चुनाव एक साल तक टालना चाहती है। भाजपा डर गई है। उन्होंने कहा, 'मैंने 233 कश्मीरी पंडितों को नौकरी दी है, भाजपा ने क्या किया है।' केजरीवाल ने कहा कि 70 साल में सत्ताधारियों ने काम नहीं किया। देश को गरीब, पिछड़ा रखा गया। मेरे लिए सत्ता हथियाना महत्वपूर्ण नहीं, देश और जनता महत्वपूर्ण है।वहीं दिल्ली में नगर निगम चुनाव को लेकर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा हार से बचने के लिए नगर निगम बिल लेकर आई, चुनाव को टाला, भाजपा जनता से डरती है। एक सवाल के जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में जीत के बाद पार्टी का अब दूसरे राज्यों पर फोकस होगा। उन्होंने कहा कि उनका कारवां और आगे जाएगा। यहां पर बता दें कि पिछले दिनों भी आम आदमी पार्टी के मुखिया ने अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा तीनों निगमों के एकीकरण के प्रस्ताव को पारित करने पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा समय पर दिल्ली नगर निगम चुनाव कराकर और जीत कर दिखाए तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

29 और 30 मार्च को होगा प्राधिकरण के फ्लैटों का ड्रा, तुरंत मिलेगा पजेशन

ग्रेटर नोएडा, 28 मार्च (ए)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बहुमंजिला इमारतों में बने फ्लैटों के लिए आवेदन करने वालों के भाग्य का फैसला 29 व 30 मार्च को होगा। प्राधिकरण के आडिटोरियम में सुबह 11 बजे ड्रा होगा। इस योजना में 48 लोगों ने आवेदन किए हैं। ये सभी रेडी टू मूव फ्लैट हैं। वहीं, प्राधिकरण 10 अप्रैल से फ्लैटों की योजना फिर से शुरू करने जा रहा है। प्राधिकरण ने नवंबर में फ्लैटों की योजना लांच की थी। ये फ्लैट सेक्टर ओमिक्रोन एक व एक ए, म्यू दो, ज्यू तीन, ईटा दो और सेक्टर-12 में हैं। पारदर्शिता के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग कराई जाएगी। महाप्रबंधक संपत्ति आरके देव ने बताया कि योजना फिर लांच होगी। उधर, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के आदेश के बाद यूपी रेरा सुपरटेक बिल्डर से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई रोक सकता है। जिससे बिल्डर के खिलाफ वाद दायर कर चुके फ्लैट खरीदार की परेशानी बढ़ जाएगी। जिन बिल्डर परियोजना पर एनसीएलटी में वाद दायर हो चुके हैं। यूपी रेरा ने उनसे जुड़ी सुनवाई को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है।

भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव पास

नई दिल्ली , 28 मार्च (ए)। दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत जोरदार हंगामे के साथ हुई, जो अब भी जारी है। इसके चलते दिल्ली विधानसभा के स्पीकर राम निवास गोयल ने भारतीय जनता पार्टी के तीन विधायकों अजय महावर, जितेंद्र महाजन और अनिल वाजपेई को शुरु में दिन भर के लिए निलंबित कर दिया, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के अनुरोध पर निलंबन समाप्त किया गया। बावजूद इसके चलते बजट पर चर्चा नहीं हो पा रही है। वहीं, भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव पास हो गया है। इस प्रस्ताव में आदेश गुप्ता के खिलाफ सदन की तरफ से मामला दर्ज कराने की भी बात कही गई है। सोमवार विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत होते ही सत्ता पक्ष के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। वह दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के बयान पर नारेबाजी कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा में आम आम आदमी पार्टी के विधायक लगातार भाजपा हाय-हाय के नारे लगे। इस हंगामे के मद्देनजर स्पीकर राम निवास गोयल ने सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित किया। इसके बाद स्पीकर रामनिवास गोयल ने महेंद्र गुप्ता को अपने कक्ष में बुलाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बयान पर भाजपा से माफी मांगने की मांग कही जा रही है। हालांकि, दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर बेंच पर खड़े होने के कारण स्पीकर ने भाजपा के तीन विधायकों अजय महावर, जितेंद्र महाजन और अनिल वाजपेई को दिन भर के लिए निलंबित कर दिया। वहीं, इससे पहले भाजपा ने दिल्ली सरकार के बजट को काल्पनिक बजट बताया है। उसका कहना है कि पहले की तरह सिर्फ वादे किए गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्लीवासियों को सिर्फ सपने दिखाए गए हैं। उनकी समस्या हल करने और दिल्ली के विकास के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि रोजगार बजट में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई ठोस कार्यक्रम या योजना नहीं है। बजट में जमीनी सच्चाई नहीं दिख रही है। सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, पर्यावरण, बिजली, पानी सहित सभी क्षेत्रों में विफल रही है।

कोरोना संकट में सरकार के कुप्रबंधन से मरीजों का समय पर इलाज नहीं हुआ जिससे कई लोगों की मौत हो गई। सरकार इस सच्चाई से मुंह मोड़ रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार के आने से पहले तैयार हुए अस्पतालों को बनाने का झूठा श्रेय लिया जा रहा है। जिन पांच नए विश्वविद्यालयों को खोलने का दावा किया गया है उनमें से तीन पहले से ही कालेज के रूप में चल रहे थे और उनका सिर्फ नाम बदला गया है। अन्य दो विश्वविद्यालय अभी कागजों में हैं। प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व रोहिणी के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने बजट को दृष्टिहीन बताया है।

उनका कहना है कि नौकरी सृजन सुनिश्चित करने के लिए कुछ नहीं कहा गया है।

जल्द होगा दिल्ली-एनसीआर के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन का संचालन?

नई दिल्ली , 28 मार्च (ए)। दिल्ली-एनसीआर में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से घट गए हैं। इसके बाद अब धीरे-धीरे कारोबार समेत सभी गतिविधियां सामान्य होने की ओर बढ़ रही हैं। वहीं, कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से दिल्ली-एनसीआर में बंद की गई सभी लोकल ट्रेनें अभी तक पटरी पर नहीं लौटी हैं। इससे लोकल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से देर शाम 8.05 बजे चलने वाली डीएमयू का परिचालन भी शुरू नहीं हुआ है। इस रूट के यात्रियों ने रेल प्रशासन से इस ट्रेन का परिचालन शुरू करने की मांग की है। अपनी मांग को लेकर पालम-दिल्ली-रेवाड़ी रूट दैनिक यात्री संघ के महासचिव बालकृष्ण अमरसरिया का कहना है कि इस ट्रेन के बंद रहने से सदर बाजार, खारी बावली, कश्मीरी गेट, चांदनी चौक सहित अन्य बाजारों में काम करने वाले को परेशानी हो रही है। इसे शुरू करने के लिए रेलवे अधिकारियों को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। बावजूद इसके अब तक रेल यात्रियों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया।

अहीर रेजिमेंट की मांग के समर्थन में निकाली कार-बाइक रैली

गुरुग्राम, 28 मार्च (ए)। सेना में अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग का समर्थन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। रविवार को हरियाणा भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रमुख नवीन गोयल भी काफी संख्या में लोगों के साथ समर्थन देने के लिए पहुंचे। सिविल लाइन के कंपनी बाग से उनके नेतृत्व में कार और बाइक रैली खेड़कीदौला टोल प्लाजा के नजदीक चल रहे अनिश्चितकालीन धरना स्थल तक पहुंची। पूरे रास्ते लोग भारत माता की जय का नारा लगाते रहे। अहीर रेजिमेंट की मांग का समर्थन देने पहुंचने वालों में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, प्रदेश पर्यावरण संरक्षण विभाग के सह-संयोजक राजेश गुलिया, गुरुग्राम इकाई के सह-संयोजक प्रवीण अग्रवाल, मनोहर नगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ललित क्रांतिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, सेक्टर-10 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कमांडर उदयवीर यादव, योगेश शर्मा, सुल्तान वाल्मीकि, विष्णु गार्डन आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अमन हुड्डा, सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष हरीश यादव, आचार्यपुरी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, आटो चालक संघ के अध्यक्ष योगेश शर्मा, सुधीर कलसन, ईशू वाल्मीकि, जावेद, अशोक विहार आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुरेश तंवर, महीपाल सहारण, पारस बख्शी, पंडित शेरा सिलोखरा, साहिल गुर्जर आदि के नाम शामिल है। इधर, गांव चकरपुर से भी काफी संख्या में लोग समर्थन देने के लिए पहुंचे। गांव निवासी कुलदीप यादव ने कहा अहीर रेजिमेंट की मांग जायज है। उनके साथ हरविदर यादव, तेजपाल यादव, चंद्रभान यादव, दलबीर यादव, सतीश डाबौधा, गजराज मानेसर, कंवरलाल नखड़ौला, अरुण आदि उपस्थित थे। अहीर रेजिमेंट की मांग का समर्थन करने के लिए भाजपा नेता नवीन गोयल कारों के काफिले के साथ पहुंचे थे।

मंदिर की चौखट पर गुंडे का मर्डर

इंदौर , 28 मार्च (ए)। इंदौर के पालदा इलाके में मंदिर के बाहर एक गुंडे की हत्या कर दी गई। वह छावनी इलाके में रहता था। उस पर करीब दस से अधिक अपराध दर्ज थे। गुंडे की जिलाबदर की फाइल पर सोमवार को कमिश्नर को साइन करना थी। लेकिन सुबह ही उसका दूसरे थाना क्षेत्र में शव पड़ा मिला। पुलिस को मृतक के एक साथी की ही तलाश है जिसके बारे में वह परिवार के लोगो को कहकर रात में निकला था। ॠद्ध शशिकांत चौरसिया के मुताबिक पालदा तौल कांटे के पास हनुमान मंदिर पर एक शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक की पहचान शुभम पुत्र अरूण सिलावट निवासी पारसी मोहल्ले के रूप में की। शुभम रात में अपने कुछ साथियों के साथ निकला था। देर रात तक वह घर नही आया। परिवार के पास सुबह उसकी मौत की सूचना पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक शरीर पर चाकू और सिर पर किसी भारी वस्तु से मारने के निशान मिले हैं।

दिल्ली एनसीआर के दो शहरों में लगी आग, नायब तहसीलदार का दफ्तर जलकर राख

नई दिल्ली , 28 मार्च (ए)। गर्मियां शुरू होते ही आग लगने की घटनाओं में इजाफा देखा जा रहा है। सोमवार को दिल्ली एनसीआर के दो शहरों में आग लगने की घटनाएं हुई। अगलगी की पहली घटना गाजियाबाद में हुई, जहां तहसील सदर परिसर में नायब तहसीलदार के दफ्तर में आग लग गई। इस घटना में कार्यालय में रखे हुए दस्तावेज जलकर राख हो गए। वहीं मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना पर एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह ने कहा कि कार्यालय में पूर्व में हुए चुनावों के मतदाता पुनरीक्षण फार्म रखे थे, अधिक नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के संबंध में नायब तहसीलदार को जांच दी गई है। जांच के बाद विस्तृत जानकारी मिल पाएगी।

वहीं आग लगने की दूसरी घटना गुरुग्राम के मानेसर में हुई है। यहां सोफा बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार देर रात आग लग गई। हालांकि इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। भीमनगर दमकल केंद्र और मानेसर दमकल से पहुंची गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रविवार सुबह लोनी कोतवाली क्षेत्र में गाजियाबाद रोड स्थित टोली मोहल्ले में इलेक्ट्रानिक सामान के शोरूम में अचानक आग लग गई थी। दमकल विभाग की टीम ने नौ गाड़ी पानी से करीब साढ़े तीन घंटे में आग पर काबू पाया। बता दें कि टोली मोहल्ले में जाकिर अली का चौधरी इलेक्ट्रानिक के नाम से शोरूम है। वह शोरूम के प्रथम तल पर परिवार के साथ रहते हैं। करीब सात बजे लोगों ने उन्हें शोरूम से धुआं उठने की जानकारी दी। उन्होंने नीचे आकर शटर खोला। धुएं का गुबार बाहर निकला और शोरूम में आग फैल गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। करीब साढ़े तीन घंटे में नौ गाड़ी पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। लोगों ने प्रथम तल से शोरूम संचालक के परिवार को बाहर निकाला। गनीमत रही कि समय रहते सभी को बाहर निकाल लिया गया। जाकिर अली ने इस घटना में 20 लाख से अधिक का नुकसान बताया है।

अफगानिस्तान में बुद्ध की मूर्तियों की रखवाली में लगे तालिबानी, चीन पर टिकीं निगाहें

काबुल 28 मार्च (ए)। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद लोगों को आशंका थी कि वहां बुद्ध की जो प्रतिमाएं हैं, उनके साथ तोड़फोड़ की जाएगी। हालांकि इस बार ऐसा नहीं हो रहा है। तालिबानी इन मूर्तियों की हिफाजत करने में लगे हुए हैं। वहीं पिछली बार दो दशक पहले जब तालिबानी अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुए थे तो उन्होंने बुद्ध की एक विशाल प्रतिमा को ढहा दिया था। वे इसे बुतपरस्ती का चिह्न मान रहे थे। इसी वजह से तालिबानियों ने मूर्तियों को तोड़ना शुरू कर दिया। इस बार प्रतिमा न तोड़ने की वह यह नहीं है कि तालिबानी बहुत उदारवादी हो गए हैं। दरअसल इसके पीछे उनका एक स्वार्थ छिपा हुआ है। अफगानिस्तान के गावों में स्थित गुफाओं में बुद्ध की बहुत सारी प्रतिमाएं हैं। अफगानिस्तान यहां तोड़फोड़ नहीं कर रहा है क्योंकि उसकी निगाहें चीन की ओर हैं। उसे उम्मीद है कि यहां स्थिति तांबे के अकूत भंडार के बदले में अगर चीन उसकी आर्थिक रूप से मदद कर दे तो अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बीच उसे थोड़ी राहत मिल जाएगी। मेस आयनाक कॉपर माइन के सिक्यॉरिटी हेड ने कहा कि यहां पहली शताब्दी में बनाया गया एक बौद्ध स्तूप था। हाकुमुल्ला मुबारिज ने कहा कि वह पहले अमेरिकी फौज के खिलाफ लड़ता था। अमेरिकी फौज के वापस जाने के बाद उसे इस जगह की रखवाली का काम दिया गया है। बता दें कि अफगानिस्तान में धातुओं का अकूत भंडार है। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से कई देश चाहते हुए भी यहां निवेश नहीं कर पा रहे हैं। अगर चीन यहां निवेश करता है तो अफगानिस्तान को बड़ा लाभ मिलेगा और आर्थिक व्यवस्था सुधारने में मदद मिलेगी।

भारत का 100 रुपया अमेरिका में 1.31 डॉलर, 27 मार्च का एक्सेंज रेट

न्यूयार्क , 28 मार्च (ए)। भारत के 100 रुपये के बदले अमेरिका में 1.31 डॉलर मिलेंगे। 27 मार्च के एक्सेंज रेट के मुताबिक भारत का एक रुपया अमेरिका के 0.013 डॉलर होगा। एक्सचेंज रेट के मुताबिक अमेरिका का एक डॉलर भारत के 76.29 रुपये होगा। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.50 रुपये पर बंद हुआ। एक्सचेंज रेट या मुद्रा विनिमय दर आर्थिक प्रदर्शन, मुद्रास्फीति, ब्याज दर के अंतर और पूंजी के फ्लो पर निर्भर करती है। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं से अगले हफ्ते के दौरान भारतीय रुपये पर दबाव बनाए रखने की उम्मीद है। ऐसे में कच्चे तेल के साथ-साथ अन्य कच्चे माल की कीमतों से घरेलू मुद्रास्फीति की लहर उठने की उम्मीद है। वरिष्ठ विश्लेषकों का कहना है कि यह प्रवृत्ति ब्याज दरों में वृद्धि की ओर अग्रसर होने के साथ-साथ विकास की संभावनाओं को भी प्रभावित करेगी। हालांकि, सॉफ्टवेयर की बड़ी कंपनियों द्वारा राजकोषीय अंत डॉलर की बिक्री अमरीकी डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में किसी भी तेज गिरावट को रोक देगी। उम्मीद हैं कि आरबीआई अपने बड़े विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग मौजूदा स्तरों पर आईएनआर को स्थिर रखने के लिए करता रहेगा। यूएसडी/आईएनआर के लिए पूर्वाग्रह निरंतर भू-राजनीतिक चिंताओं और विदेशी संस्थानों द्वारा व्यापक-आधारित बिक्री के बाद ऊपर की ओर झुका हुआ है। रुपये को स्थिर रखने के लिए आरबीआई को बिचौलियों के माध्यम से अमेरिकी डॉलर बेचने या खरीदने के लिए बाजारों में प्रवेश करने के लिए जाना जाता है। वहीं अमेरिका में भारतिय रुपया मंगवाने वालों को ये रेट देखने जरूरी हैं।

कोरिया की तरह दो हिस्सों में बंटेगा यूक्रेन? यूक्रेन के चीफ ऑफ डिफेंस इंटेलिजेंस ने जताया अनुमान

मास्को/कीव , 28 मार्च (ए)। एक महीने से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत किस कहां और कैसे होगा इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। यूक्रेन के चीफ ऑफ डिफेंस इंटेलिजेंस के मुताबिक रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत कोरिया जैसा हो सकता है। यूक्रेन के चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ किर्लो बुदानोव के मुताबिक एक महीने की लड़ाई के बावजूद रूस की सेना कीव पर कब्जा कर वहां की सरकार को नहीं हटा पाई है। ऐसे में व्लादिमीर पुतिन के पास यूक्रेन के टुकड़े करने का विकल्प है। उन्होंने कहा कि कोई शक नहीं है कि पुतिन कोरिया की तरह दो देशों के बीच एक दीवार खीचेंगे जिसमें एक कब्जे वाला यूक्रेन होगा और एक बिना कब्जे वाला यूक्रेन होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें लगता है पुतिन कोरिया की तरह ही यूक्रेन का भी विभाजन कर देंगे जैसे नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया आपस में बंटे हुए हैं और एक दूसरे से लड़ते रहते हैं। किर्लो बुदानोव ने कहा कि 1950-53 के बीच हुए विवाद के बाद से लेकर अबतक उत्तर और दक्षिण कोरिया आपस में उलझ रहे हैं और वहां शांति नहीं है।

रोहिंग्या मुद्दे का समाधान स्वदेश वापसी में है : बांग्लादेश

ढाका , 28 मार्च (ए)। बांग्लादेश के विदेश सचिव मसूद बिन मोमेन ने दोहराया है कि रोहिंग्याओं को म्यांमार के राखाइन राज्य में उनके मूल स्थान पर वापस ले जाया जाना चाहिए, क्योंकि उनका देश अनिश्चितकाल के लिए लाखों शरणार्थियों की मेजबानी करके भारी सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय लागत वहन नहीं कर सकता है। उन्होंने यह बात इस्लामाबाद में 22-23 मार्च तक आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की तदर्थ मंत्रिस्तरीय समिति की 48वीं की खुली बैठक में रोहिंग्याओं के खिलाफ मानवाधिकारों के हनन के लिए जवाबदेही पर भाषण देते हुए कही। रोहिंग्याओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए 2018 में ढाका में आयोजित 45वें सीएफएम के निर्णय के अनुरूप 10 सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया था। बैठक में रोहिंग्याओं के खिलाफ मानवाधिकारों के हनन के लिए म्यांमार को जवाबदेह ठहराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में तदर्थ समिति के अध्यक्ष के रूप में गाम्बिया द्वारा दायर मामले पर फरवरी 2022 में विशेष रूप से हालिया सुनवाई की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। सदस्य राज्यों द्वारा स्वैच्छिक योगदान पर वर्तमान स्थिति और मामले को आगे बढ़ाने के लिए फंड की आवश्यकताओं का सारांश गाम्बिया द्वारा प्रस्तुत किया गया था। मोमेन ने अपने बयान में लाखों रोहिंग्याओं के कारण अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक-आर्थिक तबाही से बचने के लिए रोहिंग्याओं के प्रत्यावर्तन के महत्व को दोहराया, विशेष रूप से हजारों किशोर और युवा जो अपने भविष्य के बारे में कोई उम्मीद नहीं रखते हैं।

कानूनी कार्रवाई के समर्थन के लिए गाम्बिया और ओआईसी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने रोहिंग्याओं को न्याय प्रदान करने की गति बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने मामले के कानूनी खर्चों को पूरा करने के लिए स्वेच्छा से योगदान देकर सदस्य राज्यों से मजबूत एकजुटता का आह्वान किया। तुर्की ने फंड में 2,00,000 डॉलर का योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई है।